हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 28 मार्च 2024

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा



04 रंगों में रंगे नगरवासी, रंग-गुलाल, पिचकारी के …





07 कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी 179 केंद्र प्रबंधकों को…




### महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की

## होली पर विभिन्न स्थानों पर हुआ होलिका दहन







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में होली का पावन पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। रविवार रात्रि में जहां महिलाओं द्वारा होलिका पूजन कर परिवार में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई, वहीं सोमवार प्रातःकाल में होलिका दहन किया गया, जहां पर बड़ी संख्या नागरिकों, बच्चों एवं महिलाओं द्वारा होलिका की ताप ली। नगर में रंग-गुलाल की मस्ती और हर्ष का त्यौहार होली पारंपरिक उत्साह और खुशी के साथ मनाया गया। होलिका दहन स्थलों पर पूर्णिमा के दिन शाम होते ही महिलाओं और बालिकाओं की भीड़ उमडने लगी, जहां उनके द्वारा होलिका की पूजा-अर्चना कर जल चढ़ाया जा कर मन्नते मांगी गईं।

नगर के प्रमुख चौराहों व गली-मोहल्लो में लगभग 20 स्थानों पर होलिका सजाई गई थी। जहां पर महिलाओं द्वारा शाम होते ही पूजन का क्रम प्रारंभ हो गया था तथा सोमवार को सुबह होते-होते सभी स्थानों पर होलिका दहन किया गया। होलिका दहन के इस अवसर पर नगर के विभिन्न मोहल्लो व चौराहों पर होलिका दहन स्थलो को विद्युत रोशनी व पुष्पो आदि से सजाया गया था वहीं कई स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

### कई समाजों की निकली गेर



नगर में विभिन्न समाजों द्वारा परंपरा का निर्वहन करते हुए धुलेंडी के दिन गेर निकाली गई। जिसमें अलग-अलग समाजों के लोग एक स्थल पर एकत्रित होकर गमी वाले परिवार के घर रंग डालने के लिए गए। नगर में जैन समाज, स्वर्णकार समाज, खंडेलवाल समाज, माली समाज, गवली समाज, पाटीदार समाज, अग्रवाल समाज ,दर्जी समाज, राठौर समाज सहित अन्य समाजों द्वारा सोमवार प्रातः नगर में गेर निकाली जा कर गमी वाले घरों पर पहुंचे, जहां उनके द्वारा परिवार सहित रिश्तेदारों को भी रंग डाला गया।

**प्रशासन रहा मुस्तैद :** सुरक्षा की दृष्टि से नगर के सभी क्षेत्रों व होलिका दहन स्थलों पर रविवार शाम से ही पुलिस बल मुस्तैदी के साथ तैनात रहा। थाना प्रभारी शशि उपाध्याय मय पुलिसबल के पुलिस मोबाईल वैन से नगर का लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे।

## परंपरा : होली खेलने भक्त के घर आए भगवान बांके बिहारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में वर्षों से अनूठी परंपरा चली आ रही है। इसके तहत भगवान श्री बांकेबिहारी अपने विमान (डोल) में विराजित होकर मंदिर से गाजे-बाजे व भक्तों के साथ अपने भक्त के घर धुलेंडी पर्व की रात्रि को होली खेलने के लिए पहुचंते हैं। जहां पर भक्त का परिवार व अन्य लोगों द्वारा राधाकृष्ण के साथ बडे ही हर्षोल्लास व उमंग के साथ फूलों व रंगों से होली खेली जाती है।

स्थानीय नाना बाजार स्थित नामदेव समाज के राधाकृष्ण मंदिर से प्राचीन परंपरा अनुसार धुलेंडी पर्व 25 मार्च को भगवान बांके बिहारी को सुसज्जित विमान में विराजित कर भजन कीर्तन करते हुए गाजे-बाजे के साथ जुलुस के रूप में भक्तगण निकले। जुलुस मार्ग में अशोक मार्ग पर स्थित श्रीराम मंदिर सेन समाज द्वारा ठाकुर जी की अगवानी कर जुलुस में शामिल भक्तों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात भगवान का यह जुलुस चौक बाजार होते हुए हनुमान मंडी स्थित पालीवाल परिवार के निवास स्थान पर पहुंचा। जहां पर परिवार के साथ नगरवासियों व भक्तों द्वारा ठाकुरजी का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा ठाकुर जी के साथ होली खेलकर फाग उत्सव मनाया गया। साथ ही भजन-कीर्तन का कार्यक्रम भी हुआ, जो पूरी रात्रि चला। अगले दिन प्रातः ठाकुर जी ने पुनः अपने मंदिर के लिए प्रस्थान किया। ज्ञात रहे कि नगर का एकमात्र पालीवाल समाज का यह परिवार उक्त पुरानी परंपरा कर निर्वहन कई पीढ़ियों से करता आ रहा है।


## भीनी भीनी उड़े रे गुलाल, श्रीनाथ धाम मंदिर पर मनाया फाग उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



क्षेत्र के प्रसिद्ध पुष्टिमार्गीय मंदिर श्रीनाथ धाम पर पूर्णिमा पर फाग उत्सव मनाया गया। नगर में स्थित श्रीनाथ धाम मंदिर पर पूर्णिमा को फाग उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ठाकुर जी के साथ भक्तों द्वारा फूलों से होली खेली गई। भक्तों द्वारा ढोलक की थाप पर फाग गीत गाते हुवे जमकर नृत्य किया गया एवं एक दूसरे पर जमकर गुलाल उड़ाया गया। फाग उत्सव के दौरान सम्पूर्ण मंदिर परिसर विभिन्न रंगों की गुलाल से पट गया था। भक्त भी रंगों में नहाये हुए लग रहे थे।

## ढलते सूरज का मनोहारी दृश्य




**कानड़।** कानड़ क्षेत्र का सबसे बड़ा जलाशय जिससे हजारों हेक्टर क्षेत्र की कृषि भूमि सिंचित होती है। उक्त जलाशय टिलर डैम के नाम से पहचाना जाता है। इस जलाशय में आज का सूरज ढलते हुए एक मनोहारी दृश्य देखने को मिला जिसमें सूरज का प्रतिबिंब जलाशय में दिखाई दे रहा था। दूर से निहारने पर ऐसा लग रहा था मानो सूरज खुद को जलाशय में निहार रहा हो।

### महेश स्वर्णकार समाज व राहुल नवयुवक मंडल अध्यक्ष मनोनीत




**नलखेड़ा।** महेश सोनी स्वर्णकार समाज के नगराध्यक्ष एवं राहुल सोनी समाज के नवयुवक मंडल के पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किए गए। स्वर्णकार समाज नलखेड़ा की प्रतिवर्ष परम्परा अनुसार वार्षिक बैठक होली की धुलेंडी पर आयोजित की जाती है जिसमे वार्षिक आय व्यय प्रस्तुत किया जाता है। अध्यक्ष महेश कुमार सोनी द्वारा वार्षिक आय व्यय समाजजनों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक में समाजजनों ने सर्वसम्मति से पुनः महेश कुमार सोनी को अध्यक्ष मनोनीत किया गया और नवयुवक मंडल स्वर्णकार समाज के लिए पुनः राहुल सोनी को नवयुवक मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मनोनीत होने पर सभी समाजजनों ने बधाई दी।

## होली पर्व को लेकर मां बगलामुखी मंदिर पर किया आकर्षक श्रृंगार







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

होली पर्व को लेकर मां बगलामुखी मंदिर पर मातारानी को चोला चढ़ाकर आकर्षक श्रृंगार कर गर्भगृह को भी रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया। मंदिर परिसर में स्थित सभामण्डप को भी आकर्षक बैलून व पुष्पमालाओं से सजाया गया। होली पर्व होने के चलते माता मंदिर पर श्रद्धालुओं की संख्या में भी इजाफा हुआ। छुट्टी का दिन होने से अन्य स्थानों से भी बडी संख्या में भक्त यहाँ पहुंचे, जहां उनके द्वारा माता के दर्शन कर विशेष हवन-अनुष्ठान भी करवाए गए।

होली पर विश्व प्रसिद्ध माँ बगलामुखी मंदिर में माता रानी का आकर्षक श्रृंगार कर माता को रंग गुलाल लगाई गई। मंदिर में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में भी गुलाल लगाकर उत्साह से होली मनाई गई। होली पर्व पर मंदिर के मुख्य पुजारी परिवार द्वारा माता रानी के समक्ष विभिन्न प्रकार के रंग व गुलाल रखकर माता रानी को शगुन का गुलाल लगाया गया वही मंदिर प्रांगण में स्थित पारदेश्वर श्री राधा कृष्ण मंदिर पर भी पुजारी परिवार द्वारा भगवान श्रीराधे कृष्ण की प्रतिमा को गुलाल व रंग लगाया गया। इस अवसर पर भक्तो द्वारा भी एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं बधाई दी गईं, वहीं होली पर्व को लेकर माता के गर्भगृह को भी आकर्षक पुष्पों से सजाया गया था। पंडितो व पुजारियों द्वारा भी जहां माता रानी को रंग-गुलाल लगाया गया वहीं आपस में एक-दूसरे को रंग लगाकर होली खेली गई।

**अंजनीलाल का भी किया श्रृंगार:** होली पर्व को लेकर बगलामुखी मंदिर परिसर स्थित वीर हनुमान मंदिर पर हनुमान प्रतिमा का मनमोहक आकर्षक श्रृंगार किया। बड़ी संख्या में माता मंदिर पहुंचे भक्तों द्वारा अंजनी लाल के दर्शन कर प्रसादी चढ़ाई गई।

### सी-विजिल एप से शिकायतों का होगा त्वरित निराकरण

**नलखेड़ा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान नागरिक निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा। इसके लिए नागरिक को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी-विजिल एप तैयार किया गया है। इस एप के जरिए कोई भी नागरिक राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से परिवहन करने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों पर प्रचार सामग्री लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायत कर सकता है।

### चुनाव प्रचार के लिए शासकीय वाहनों का उपयोग नहीं किया जा सकेगा

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने सभी संबंधितों को निर्देश दिए हैं कि शासकीय वाहनों का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जा सकेगा। मंत्रियों, निकायों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष आदि के लिए शासकीय वाहन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रधानमंत्री एवं अन्य राजनेता जिन्हें उच्च स्तर की सुरक्षा प्रदान की गई है, को इस प्रतिबंध से छूट रहेगी। स्वायत संस्थानों, संगठनों के प्रतिनिधि निवास से कार्यालय तक जाने के लिए शासकीय वाहन का प्रयोग कर सकेगे। जैसे रिर्जव बैक, विश्वविद्यालय तथा कॉलेज आदि अन्य संस्थाएं।

### भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की



**नलखेड़ा।** भाई दूज के पावन पर्व पर कायस्थ परिवार के कुलदेवता चित्रगुप्त महाराज की पूजा अर्चना की गई। बुधवार को जगतपिता ब्रह्मा जी के अंश, बुद्धि, विवेक और ज्ञान के प्रदाता, समस्त प्राणी जगत के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले, लेखनी के अराध्य देव, भगवान चित्रगुप्त के पूजन-दिवस पर नगर के कायस्थ परिवारों द्वारा भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना कर परिवार में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की गई।

### रंगपंचमी के दिन अपरान्ह 4 बजे तक रहेगा ड्राई-डे

**नलखेड़ा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने रंगपंचमी त्यौहार पर शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 30 मार्च को अपरान्ह 4 बजे तक के लिए संपूर्ण जिले में ड्राई-डे घोषित किया है। इस दिन जिले के आगर एवं सुसनेर की संपूर्ण कम्पोजिट मदिरा दुकानें, वाईन शॉप, देशी मदिरा भंडागार पूर्णतः बंद रहेगी। अवैध मदिरा के क्रय-विक्रय पर नियंत्रण के लिए पुलिस एवं आबकारी दल द्वारा सघन गश्त की जाएगी।

### विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

## न्यायाधीश ने निरीक्षण कर सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को मुकेश कुमार दांगी जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल सीहोर का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

मुकेश कुमार दांगी द्वारा बंदियों से चर्चा की गई तथा उनके प्रकरण के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। बंदियों को सम्बंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए विधिक सहायता से अधिवक्ता नियुक्ति तथा अपील प्रस्तुति के सम्बंध में विस्तार से बताया गया। म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उनके द्वारा बंदियों की समस्याओं को सुना गया एवं यथोचित परामर्श दिया गया।

महिला सेल का निरीक्षण कर महिलाओं एवं उनके साथ निवासरत बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उक्त कार्यक्रम में जीशान खान जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही ऐसे बंदियों के बारे में जानकारी ली गई जिनकी अपील प्रस्तुत की जाना है, विधिक सहायता से अधिवक्ता की आवश्यकता है एवं जमानत आदेश के होने के बाद भी जेल में निरूद्ध है। कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसिल राजेन्द्र कुशवाह, आसिफ खान, एकता सेन, संयोगिता सोलंकी द्वारा उद्बोधन दिये गये। कार्यक्रम में जेल उप अधीक्षक ज्योति तिवारी एवं बंदीगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आबकारी विभाग ने 2 प्रकरण किए दर्ज

**देवास।** आबकारी विभाग द्वारा वृत्त देवास (स) में अवैध मदिरा परिवहन पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही में प्लेन की एक पेटी जिसमें 50 पाव भरे हुए थे, जप्त किये गये। आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, जप्त सामग्री तथा वाहन का बाजार मूल्य 18 हजार 250 रूपए है। इसी क्रम में व्रत देवास (ब) में मुखबिर की सूचना पर आबकारी दल द्वारा चार पहिया वाहन की डिक्की से 18 केन बियर की जप्त कर आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। जप्त सामग्री एवं वाहन का अनुमानित मूल्य 03 लाख 2160 रुपए है। कार्यवाही में देवास(स) वृत्त प्रभारी राजकुमारी मंडलोई, वृत्त देवास (ब) प्रभारी प्रेम यादव, मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार, दीपक धुरिया, बालकृष्ण जायसवाल, दीपक टटवाड़े, नितिन सोनी, आशीष, सैनिक केदार शर्मा, किशोर सिसोदिया, अनिल चौहान, अनिल, संजय शर्मा शामिल थे।

### वृद्धाश्रम में बुजुर्गो को भोजन कराकर वस्त्र किए वितरीत

देवास। शहर में विधायक गायत्रीराजे पवार का जन्मदिन विविध आयोजनों के साथ उनके समर्थकों द्वारा मनाया गया। इसी के अंतर्गत भाजपा सीनियर मण्डल नगर मंत्री रूपेश चौरसिया मित्र मण्डल द्वारा सेवा दिवस के रूप में विधायक पवार का जन्मदिन मीठा तालाब स्थित वृद्धाश्रम में मनाया गया। इस दौरान सीनियर मण्डल अध्यक्ष विशाल रघुवंशी, सीनियर मण्डल नगर महामंत्री संतोष पंचोली, नयन कानूनगो, दुर्गेश चिल्लोरिया, पूर्व पार्षद अर्जुन चौधरी, पार्षद नीतिन आहूजा, पार्षद दीपक राजा अकोदिया, जुबेर लाला, अजय पहाडिया, शुभम गायकवाड, चंचल चौहान, मोहित खटीक, कल्लू गुर्जर, वंश चौधरी सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।


### महिला की डंपर की टक्कर से मौत

**देवास।** एक महिला की डंपर की टक्कर से मौत हो गई। महिला अपने मायके तराना से बरखेड़ा के लिए निकली थी तभी बरखेड़ा गांव से कुछ दूरी पर महिला को एक डंपर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौत हो गई। परिजन व ग्रामीण उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां महिला का पीएम किया गया। जानकारी के अनुसार वंदना वर्मा निवासी बरखेड़ा बुधवार को अपने मायके तराना से बस में सवार होकर बरखेड़ा के लिए निकली थी, बस से उतरने के बाद वह गांव जाने के लिए किसी परिचित व्यक्ति के साथ वह दो पहिया वाहन पर बैठ गई, तभी गांव के बाहर एक डंपर चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वंदना की मौके पर ही मौत हो गई।

अंचल में सामूहिक रूप से मना रंगों का पर्व होली, निकली सामाजिक गैर

# रंगों में रंगे नगरवासी, रंग-गुलाल, पिचकारी के साथ खेली होली, सामाजिक टोलियों ने घर-घर जाकर लगाए रंग





## देवालयों में मची होली की धूम, सामाजिक संगठनों के साथ ही चुनावी मौसम में राजनीतिक दलों ने भी मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/चापड़ा

रविवार रात्रि में होलिका दहन के बाद सोमवार और मंगलवार को शहरवासियों ने जमकर होली खेली। सम्पूर्ण नगर रंगों में रंगा दिखाई दिया। नगरवासियों ने रंग, गुलाल,पिचकारी के साथ जमकर होली खेली। धुलेंडी के दिन सामाजिक गैर भी निकली।सामाजिक टोलियों ने घर घर जाकर मित्र रिश्तेदारों को रंग लगाए। शहर के साथ ही अंचल में भी ग्रामीणजन होली के रंगो में सराबोर दिखाई दिए। शहर के प्रसिद्ध देवालयों में भी भक्तों ने भगवान के साथ होली खेली। सामाजिक संगठनों के साथ ही चुनावी मौसम में राजनीतिक दलों द्वारा होली मिलन समारोह मनाया गया। शहर की माता टेकरी, खेड़ापति मन्दिर में होली के अवसर पर रंगारंग आयोजन हुए। बड़ो से ज्यादा बच्चे रंगों से मस्ती करते दिखाई दिए। शहरवासियों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली पर्व मनाया। शहर की दुकाने चौक पर रंगों की दूकानों के साथ ही मिठाइयो की दुकानों पर भीड़ रही। महिलाओं ने घरों में होली पर बनने वाले पारम्परिक मिष्ठान बनाए।

### मंदिरों पर भक्तों ने खेली होली

धुलेंडी पर सोमवार को माता टेकरी पर भक्तों ने जमकर माँ के साथ होली पर्व मनाया। शाम को माता चामुण्डा व माता तुलजा भवानी की महाआरती के दौरान फूलों और सूखे रंगों से होली का पर्व मनाया गया। महाआरती के समय दोनों मंदिर रंग-गुलाल से सराबोर रहे। मंदिर प्रांगण में मौजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए झूम रहे थे। इस दौरान दोनों माता मंदिरों में नाथ परिवार के सदस्य व शहर के कई लोग रंगों के पर्व होली महोत्सव में शामिल हुए। नाथ संप्रदाय पुजारी परिवार के महंत विनय नाथ ने बताया कि माता टेकरी पर पुजारी परिवार द्वारा प्रतिवर्ष होली महोत्सव मनाया जाता है। जिसमें समस्त नगरवासी व आरती मंडल व नाथसंप्रदाय पुजारी परिवार होली महोत्सव का लाभ लेते हैं। दोनों माता मंदिरों पर फूलों और सूखे रंगों से होली महोत्सव मनाया गया। इस दौरान माता की विशेष पूजा अर्चना कर माता का विशेष श्रृंगार भी किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य रूप से देवास विधायक गायत्री राजे पवार और नेता सत्ता पक्ष मनीष सेन उपस्थित रहे। शहर की आस्था का केंद्र खेड़ापति सरकार के मंदिर में भी भक्तों ने जमकर होली खेली।

### होली मिलन समारोह में जमकर उड़ा मस्ती और उल्लास का रंग

शहर में आयोजित मोदी परिवार का होली मिलन समारोह मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। भाजपा से सांसद प्रत्याशी महेन्द्र सिंह सोलंकी एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा राधा कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं गुलाल अर्पित करने से प्रारंभ हुए समारोह में जमकर मस्ती और उल्लास का रंग उड़ा। मंच पर देवास शाजापुर लोकसभा से आए भजन गायकों द्वारा कबीरपंथी



निर्गुणी भजनों की कर्णप्रिय प्रस्तुतियॉ फागुन आयो रे, म्हारा सतगुरू जी ने रंग बरसायो रे... जैसे कबीरपंथी निर्गुणी भजनो एवं ढोल की थाप पर सांसद प्रत्याशी सोलंकी के साथ सभी आगन्तुक ने केसरिया रंग गुलाल एवं फुल की पंखुडिय़ां उड़ाते हुए खुब थिरके। कार्यक्रम में गोपाल इंजीनियरिंग आष्टा विधायक, मधु गहलोत आगर विधायक, अरुण भीमावत शाजापुर विधायक, अशोक नायक शाजापुर जिला अध्यक्ष, चिंतामणि राठौर आगर जिला अध्यक्ष, लोकसभा प्रभारी जगदीश अग्रवाल, लालजी राम मालवीय पूर्व विधायक आगर, बहादुर मुकाती, हरिसिंह धनगर, नंदकिशोर पाटीदार, जयपाल सिंह चावड़ा, राजेश यादव, शरद पाचुनकर, शंभू अग्रवाल, महेश चौहान, दुर्गेश खींची, शेखर कौशल उपस्थित रहे।

### 21 फीट की ऊंचाई पर घूमे गल महाराज

चापडा। चापड़ा नगर में धुलेंडी के दूसरे दिन मेले का आयोजन किया जाता है। इस दौरान पंचायत भवन के समीप स्थित प्राचीन गल महाराज स्थान पर स्थापित 21 फीट ऊंचाई वाले खंभे पर गल महाराज (पडियार ) को घुमाया जाता है। मंगलवार की शाम को उक्त स्थान पर पूजा अर्चना करने के बाद 21 फीट की ऊंचाई पर आडी लकड़ी में गल महाराज( पडियार )को बांधकर पांच बार घुमाया गया। इस दौरान सर्वप्रथम होली दहन स्थल पर पहुंचकर पडियार व्दारा पूजा अर्चना की गई। उसके बाद गल महाराज के रूप में ,गल देवस्थान पर पहुंचे, जहां पर नगर पटेल द्वारा गल महाराज का स्वागत किया गया। इस दौरान गल स्थान पर बनाई गई अंगार की चुल पर निकलते हुए ,उपर चढ़ाया गया। जहां पर एक आडी लकड़ी में बांध कर उन्हें पांच बार घुमाया गया। इस दौरान पुरा स्थान गल महाराज के जय करो से गूंज उठा। गल महाराज घूमने के पश्चात महिलाओं द्वारा पूजन किया गया एवं कई ने मन्नते उतारी, इसके बाद दो दिवसीय मेला प्रारंभ किया गया।

### चापडा नगर में उत्साह के साथ निकली सर्व समाज की गैर

नगर में वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए, सोमवार के दिन धुलेंडी पर सर्व समज द्वारा नगर में गैर निकाली गई। इस दौरान सभी नगर वासी रंग-बिरंगे चेहरो के साथ गैर में चल रहे थे। गैर नगर पटेल घीसा पटेल के घर से प्रारंभ की गई। नगर के सभी गली मोहल्ले से होते हुए, लगभग 23 गमी परिवारों के यहां पहुंची और सभी को रंगगुलाल लगाया। सोमवार की सुबह 4 बजे नगर पटेल द्वारा होलिका दहन किया गया। इस दौरान एक टोली गैर में सबसे आगे फागुन गीत गाते हुए चल रही थी। सभी गमी परिवारों के यहा रंग गुलाल डालने के बाद सभी होली दहन स्थल पर पहुंचे, जहां पर रंग गुलाल डालकर गैर का समापन किया। गैर में बड़ी संख्या में नगरवासी सम्मिलित हुए। पुरुषों की गैर के समापन के बाद महिलाओं द्वारा भी गैर निकाली गई।

### रंगोली प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र



युवा शहीद भगतसिंह क्लब द्वारा 13 वर्षो से रंगोली प्रदर्शनी के माध्यम से समाज को एक सकारात्मक सन्देश दिया जा रहा है।देवी देवताओं,महापुरुषों औ शहीदों की रंगोलिया बनाई जा रही है। क्लब संयोजक अशोक कहार ने बताया कि रंगों के त्यौहार होली के अवसर पर चित्रकार कलाकार देव्यानी चयन जोशी की कलात्मक एवं आकर्षक दो दिवसीय रंगोली प्रदर्शनी का आयोजन स्वर्णकार धर्मशाला के सामने शालिनी रोड़ पर किया गया था। प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक गायत्री राजे पवार एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।युवा चित्रकार कलाकार देव्यानी चयन जोशी के द्वारा बनाई गई श्री राधाकृष्ण,सिया के राम,गुरुजी गोपाल कृष्ण उपाध्याय(कथा वाचक),मोदी परिवार,भक्त प्रह्लाद,कामनेश्वर गणपति मंदिर शालिनी रोड़,छत्रपति शिवाजी महाराज,भगतसिंह सुखदेव,राजगुरु, इत्यादी रंगोली की सभी ने प्रशंसा की ।इस अवसर पर धर्मेंद्र सिंह बेस,गणेश पटेल,मनीष जैन(चांदी),बाबू भाई (बीके),डॉ भालचंद्र तिवारी सहित युवा भगत सिंह क्लब के सदस्य गण सहित कला प्रेमी जनता उपस्थित रही।



### होली के रंग मतदान संग के तहत महिलाओं ने शत प्रतिशत मतदान की दिलाई शपथ




दकलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता तथा सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल स्वीप अभियान हिमांशु प्रजापति के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियां संचालित की जा रही है। स्वीप अभियान के तहत सोनकच्छ विकासखंड के ग्राम सांवेर तथा खातेगांव में चुनावी फाग उत्सव का आयोजन किया गया। चुनावी फाग उत्सव के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, एनआरएलएम की महिलाओं एवं ग्रामीण महिलाओं ने "होली के रंग मतदान संग"अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई सात दिवसीय कमल किशोर नागर की भागवत कथा

# भार्गव परिवार के प्रयास से कथा सुनाने का सपना हुआ पूरा: नागर





हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

समीप ग्राम बैहरी में मंगलवार से सात दिवसीय भागवत कथा भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई। कलश यात्रा भोमिया जी मंदिर से प्रारंभ हुई, जो की कथा स्थल पर पहुंची। जहां पर यात्रा का समापन किया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सम्मिलित हुई, जो कि सिर पर कलश रख कर यात्रा में चल रही थी। कलश यात्रा के पश्चात मुख्य आयोजक चंद्र शरण भार्गव द्वारा परिवार के सदस्यों के साथ व्यास पीठ का पूजन किया गया।इन्द्रनारायण पंचोली व्दारा कथा स्थल बाबा नीर कुटीर पर पियाऊ लगाया गया है। ग्राम नयापुरा के पाटीदार समाज के युवाओं व्दारा पार्किंग व्यवस्था संभाली गई है। उक्त आयोजन कमला देवी भार्गव, चंद्रशरण भार्गव द्वारा कराया जा रहा है। तेज गर्मी होने के कारण सड़क को ठंडा करने के लिए कलश यात्रा के आगे आगे टैंकरों से पानी डालकर सड़क को ठंडा किया गया। कथा वाचक कमल किशोर नागर ने कथा के दुसरे दिन बुधवार को कहा कि यह बागली क्षेत्र कि आंख है, और इस आंख का यह कोना कथा से छूटा हुआ था,जो आज पूरा हो गया है। आज इस क्षेत्र की जनता के लिए भार्गव परिवार के माध्यम से शुभ अवसर आया है। नागर ने कहा कि हमेशा सपना अपना होना चाहिए, जैसे भार्गव परिवार ने कथा कराने का सपना देखा था। मेरा अपना भी एक सपना था ,कि बागली में कथा करूं जो आज सच हों रहा है। कथा सुनने के दौरान हमें अपने मन का भी चिंतन करना चाहिए, कि हमने कथा सुनकर क्या पाया।धन से तो हमने तिजोरी भर दी, लेकिन तिजोरी भरकर खुद खाली हो गए।नागर ने कहा कि कभी भी कहीं भी मंदिरों में जाओ तो परिवेश का हमें ध्यान रखना चाहिए, और हमारे आचरण में मर्यादा होना चाहिए। नागर ने कहा कि यह भोग स्थल है। शरीर को भोग में न लगाएं। व्रत करना जप करना अनुष्ठान करना, तीर्थ यात्रा करना, लेकिन सारे पुरूषार्थ को केवल मरण सुधारने में लगा देना। अगर मरण सुधर गया तो सब-कुछ सुधर जाएगा। इसे बिगड़ने मत देना। भागवत कथा भी हमें मोक्ष की ओर ले जाती है। भागवतजी का ज्ञान हमारे मन के अंधकार को दूर करता है। भागीरथ जी भले ही अपने पूर्वजों के कल्याण के लिए गंगाजी लाए,लेकिन आज समूची मानव जाति के लिए गंगाजी मोक्षदायिनी है। भार्गव परिवार कथा का आयोजन करवा रहा है, और इसमें सभी को कथा का श्रवण का लाभ प्राप्त हो रहा है। बुधवार के दिन बड़ी संख्या में क्षेत्र व अन्य क्षेत्र से श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे।

# चैत्र नवरात्रि में साध्वी ऋतंभरा करेंगी कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मिश्रीलाल नगर स्थित मां कैलादेवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर श्रीराम कथा का आयोजन 15 से 21 अप्रैल तक किया जाएगा। साध्वी ऋतंभरा दीदी के श्रीमुख से होने वाली कथा की तैयारियों को लेकर मां कैलादेवी उत्सव समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य रात-दिन जुटे हुए हैं। रामकथा को लेकर देवास शहर सहित जिले के रामभक्तों में उत्साह बना हुआ है। कथा संबंधी व्यवस्था को लेकर गत दिवस गोकुलधाम गार्डन के अयोध्याम में श्रीराम कथा कार्यालय का शुभारंभ किया गया।

कार्यालय का शुभारंभ महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, मां कैलादेवी मंदिर संस्थापक समाजसेवी मन्नूलाल गर्ग, उत्सव समिति संयोजक रायसिंह सैंधव, समिति अध्यक्ष दुर्गेश अग्रवाल, देवास विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व महापौर रेखा वर्मा ने आदि ने फीता काटकर किया। अतिथियों का स्वागत आयोजक दीपक गर्ग, हितेश गर्ग, अनामिका गर्ग ने किया। मां कैलादेवी उत्सव समिति संयोजक सैंधव ने उपस्थित समिति सदस्यों को मार्गदर्शन देते हुए कहा, कि साध्वी ऋतंभरा दीदी की रामकथा को लेकर देवास शहर ही नहीं अपितु पूरे जिले के रामभक्तों में बड़ा उत्साह बना हुआ है। हम सभी प्रतिदिन समाज के प्रत्येक परिवारों में जाकर आमंत्रण पत्र देकर उनसे रामकथा में आने का आग्रह करें।

आयोजित हुई बैठक के अवसर पर समिति सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए। कार्यक्रम का संचालन देवकृष्ण व्यास ने किया। आभार आयोजक दीपक गर्ग ने माना।मुख्य बैठक 28 को-राम कथा की तैयारी को लेकर मुख्य बैठक 28 मार्च को कैलादेवी मंदिर के प्रवचन हाल में शाम चार बजे से की जाएगी। इसमें साध्वी ऋतंभरा दीदी की शिष्या साध्वी सत्यप्रिया दीदी भी शामिल होकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगी। बैठक में आयोजन को भव्य रूप देने पर चर्चा होगी। बैठक के पश्चात होली मिलन समारोह रखा गया है। इसमें फूलों की होली खेली जाएगी।

## खबर संक्षेप

### आम सभा, रैली, जुलूस के लिए एसडीएम से अनुमति लेना अनिवार्य

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संचालित हो इसके लिए गत दिवस दण्ड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किये है। जारी आदेशानुसार जिले में आम सभा, रैली, जुलूस के पूर्व संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र, लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति लेना अनिवार्य होगा । आदेश का उल्लघंन करने वाले व्यक्ति के विरूद्व भारतीय दण्ड संहिता की धारा -144 के तहत कार्यवाही की जायेगी । यह आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा ।

### जिंप क्षेत्रांतर्गत विभिन्न कार्य प्रतिबंधित

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संचालित हो इसके लिए गत दिवस दण्ड प्रक्रिया संहित के तहत आदेश जारी किये है। जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत क्षेत्रान्तर्गत जिले में नगरीय निकाय एवं ग्रामीण निकायों को प्राप्त होने वाली निधि का दुरूपयोग न किया जाए। जनप्रतिनिधियों को किराये के वाहन, पीओएल आदि का भुगतान न किया जाए।

## सेवा सहकारी समिति व विपणन समिति के 179केंद्रों पर खरीदा जाएगा गेहूं

# कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी 179 केंद्र प्रबंधकों को आवश्यक व्यवस्थाएं करने के दिए निर्देश

### गेहूं खरीदी गुणवत्ता पूर्ण एवं भारत सरकार द्वारा FAQ नार्म्स अनुसार किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रबी विपणन वर्ष 2024-25 अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 07 मई तक किया जाना है। गेहूं उपार्जन के लिए MPWLC की वेबसाइट पर ऑनलाइन ऑफर गोदाम अनुसार जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा एवं निर्णय उपरांत अब सेवा सहकारी समिति एवं विपणन समिति के 179 केन्द्रों पर गेहूं उपार्जन के कार्य निरन्तर किया जाए। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए सेवा सहकारी समिति एवं विपणन समितियों को निर्देश दिये है कि वो रबी विपणन वर्ष 2024-25 उपार्जन निति एवं भारत सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न उपार्जन के लिए उपार्जन केन्द्रों पर भौतिक एवं अन्य सभी सुविधाओं के साथ गेहूं उपार्जन के कार्य निरन्तर किया जायेने के निर्देश दिए गए है। जिसमें उपार्जन केन्द्रों पर भौतिक एवं अन्य सुविधाओं की प्रविष्टि भारत सरकार के पोर्टल www.pcsap.in पर अपलोड उपार्जन केन्द्र प्रभारी द्वारा किए जाएंगे। इसका सत्यापन उपार्जन केन्द्र के नोडल अधिकारी द्वारा किया जाएगा। कृषकों से गेहूं उपार्जन कार्य सप्ताह में 05 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 8:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक किया जाएगा। कृषक तौल पर्ची सायं 6 बजे तक जारी की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये है कि गेहूँ की गुणवत्ता एवं नियंत्रणः- भारत सरकार द्वारा FAQ नार्म्स अनुसार ही गेहूं का उपार्जन किया जाना है।



'उपार्जन केन्द्र संचालन के लिए निर्धारित स्पेसिफिकेशन की भौतिक, मानव संसाधन, तौल कांटा तथा अन्य सुविधाओं की उपलब्धता प्रत्येक केन्द्र पर संचालन करने वाली संस्था के द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

#### गेहूं उपार्जन केन्द्रों पर सुविधाएं

कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के सभी सेवा सहकारी समिति एवं विपणन समिति के 179 केन्द्रों के प्रबंधों को निर्देश दिये है कि गेहूँ की गुणवत्ता एवं नियंत्रण भारत सरकार द्वारा FAQ नार्म्स अनुसार ही कि जाना है। और हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्शन, एवं निर्बाध विधुत/जनरेटर सुविधा, इलेक्ट्रानिक उपकरण- कम्प्यूटर/लेपटॉप, प्रिन्टर, डोंगल, स्केनर, यूपीएस बैटरी, जन-सुविधाएं यथा-दरियां, टेबल, कुर्सी, पेयजल, शौचालय, छाया, बिजली, उपार्जन उपकरण यथा- (Anolog Moisture Meter) केलिब्रिटेड, बड़ा छन्ना, पंखे, परखी, सूचना पटल-उपार्जन बैनर तथा सामान्य जानकारी- एफएक्यू सेंपल, एफएक्यू गुणवत्ता के मापदंड, भुगतान एवं टोल-फ्री नंबर की व्यवस्था, सुरक्षात्मक सुविधाएं-तिरपाल, कवर, अग्निशमन यंत्र, रेत, बाल्टियां, फास्ट-एड-बॉक्स, संबंद्ध वे ब्रिज एवं न्यूनतम 4 बड़े इलेक्ट्रानिक तौल कांटे, किसान की उपज की साफ-सफाई के लिए कस्टम हायरिंग सफाई उपकरण की उपलब्धता, उपार्जन केन्द्रों पर नॉन एफएक्यू स्कन्ध के अपग्रेडेशन एवं साफ-सफाई के लिए उपार्जन करने वाली समिति एवं संस्था द्वारा उपकरणों की व्यवस्था अनिवार्य रूप कि जाना होगी, छन्ना, पंखा, क्लीनिंग एवं ग्रेडिंग मशीन, माइश्चर मीटर, बायोमेट्रिक डिवाइस, उपार्जन प्रभारी के डिजिटल हस्ताक्षर होना चाहिए।

#### मानव संसाधन पूर्ण रूप से उपलब्ध रहे

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि उपार्जन केन्द्र के लिण नामित अथवा नियोजित प्रबंधन प्रभारी, संस्था द्वारा नियोजित डाटा एन्ट्री ऑपरेटर सीपीसीटी अथवा डिप्लोमा, डिग्रीधारी व्यक्ति हों, तौल कांटे संचालन के लिए आवश्यक संख्या में तुलावटी एवं हम्माल, गोदाम स्थल से अन्यत्र परिसर पर केन्द्र होने पर संस्था द्वारा नियोजित गुणवत्ता परीक्षक/सर्वेयर, अधिक उपार्जन मात्रा की संभावना वाले केन्द्रों में उपार्जन मात्रा के आधार पर अतिरिक्त कर्मचारियों, तौल कांटों, कम्प्यूटर की व्यवस्था संस्था द्वारा स्वयं की आय/कमीशन में सुनिश्चित की जाएगी, प्रत्येक केन्द्र पर (औसतन 100 मे.टन की) दैनिक खरीदी के लिए 4 कैलिब्रिटेड इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे एवं आवश्यक तुलावटी की व्यवस्था केन्द्र संचालन करने वाली संस्था के द्वारा की जाएगी। शासन द्वारा जारी गाईड लाईन्स के अनुसार उपार्जन कार्य का शत-प्रतिशत पर्यवेक्षण एवं पालन, उपर्जान केन्द्र पर MSP, FAQ Norms, उपार्जन एवं भुगतान की प्रक्रिया, बारदानों का मानक वजन को स्थानीय भाषा में प्रचार-प्रसार के लिए डिस्प्ले करना होगा, उपार्जन केन्द्र पर स्कंध की सुरक्षा व्यवस्था, उपार्जित स्कंध को चोरी, कीटग्रस्तता, चूहों से बचाव और मौसम की विपरीत परिस्थितियां यथा-बारिश से उपार्जित स्कंध के बचाव की व्यवस्था सुनिश्चित कि जाये। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये है कि केन्द्र पर पीने की पानी एवं शौचालय की व्यवस्था, केन्द्र पर हार्डवेयर एवं तकनीकि कर्मचारी की व्यवस्था, किसानों को उपार्जन केन्द्र पर कृषक तौल पर्ची जारी करना, केलीब्रेटेड ईक्ट्रानिक तौल मशीन की व्यवस्था करना, उपार्जित स्कंध को भण्डारण स्थल तक परिवहन के पूर्व अधिकतम 15 दिवस तक अस्थाई रूप से भण्डारण की व्यवस्था, निर्धारित रिकार्ड संधारित करना, रबी उपार्जन निति अनुसार FAQ गेहूं खरीदी की जाये साथ ही प्रतिदिन day closer protocal अनुसार खरीदी की गई गेहूं की मात्रा का RET गोदाम के अंदर परिवहन, हेण्डलिंग चालान तथा स्वीकृत व ई.पी.ओ. उसी दिवस (खरीदी दिवस) में शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। निर्धारित प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर उपार्जन संस्था/समिति शासन द्वारा जारी रवी उपार्जन नीति के दिशा निर्देशों एवं समय - समय पर शासन एवं जिले से जारी निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

## वाट्सएप, फेसबुक व इस्टाग्राम पर आपत्तिजनक पोस्ट रहेगी प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषण के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवघान ना हो इसके लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने आदेश जारी कर जिले में किसी भी प्रकार की जिसमें आवाट्सएप, फेसबुक, इस्टाग्राम यूजर द्वारा किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट जिससे धार्मिक भावना भडके एवं किसी संपदाय की विशेष की भावना उद्ववेलित हो ऐसे पोस्ट को प्रसारित न करे। वाटसएप ग्रुप एडमिन तथा ग्रुप से जुडे यूजर धार्मिक भावना भडकानें वाले पोस्ट को प्रसारित न करे एवं ग्रुप के यूजर को ऐसा करने से रोके, ग्रुप एडमिन वाटसएप/फेसबुक अन्य सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर बनाये गये ग्रुप का मुखिया होता है, यदि उसके ग्रुप का कोई भी सदस्य धार्मिक भावनाओं को ठेस पंहुचाने वाला अथवा संदेश /फोटो/विडियों डालता है तो ग्रुप एडमिन की जवाबदारी होगी। आदर्श आचार संहित के तहत किसी भी धर्म संपदाय के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी या चित्र कभी भी फार्वड न करे। सोशल मिडिया पर आये संदेश कई बार षड्यंत्र के तहत भेजे जाते है। इन पर कोई भी प्रतिक्रिया देने के पूर्व इनकी सत्यता की जाँच करने का प्रयास करे। उनके द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत संपूर्ण जिले की सीमा में आम जनता की सुरक्षा आदि के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रसारित किया जाता हे। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। किसी भी धार्मिक, मूलवंशी, जनस्थान, निवास स्थान, भाषाई, प्रादेशिक समूहो या जातियों या समुदाये के बीच सौहार्द के बीच शत्रुता का संप्रवर्तन और सौहार्द बने रहने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने का कार्य दण्डनीय अपराध है। पुलिस अधीक्षक सीहोर के उक्त प्रतिवेदन से मेरा यह समाधान हो गया है कि वास्तव मे ऐसी स्थिति जिले के संपूर्ण क्षेत्रों में विद्यमान है। साम्प्रदायिक सदभाव एवं लोक प्रशांति को कायम रखने के लिए यह नितांत आवश्यक है कि ऐसे कृत्यों को नियमित एवं प्रतिबंधित किया जावे जिनसे लोक प्रशांति को खतरा हो। अवांछित तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने व उनकी गतिविधियों को सख्ती से नियंत्रित किया जाए।

## विश्व क्षय दिवस पर हुआ सेमीनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




विश्व क्षय दिवस के मौके पर स्कूलों में सेमीनार आयोजित कर क्षय रोग के बारे में विस्तार से जानकारी विद्यार्थियों को जिला टीबी समन्वयक द्वारा दी गई। जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ.जेडी कोरी ने बताया कि जिला चिकित्सालय में वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त किए जाने की संकल्पना पर अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा टीबी मुक्त भारत की शपथ जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.मालती आर्या एवं जिला कैंसर कार्यक्रम प्रभारी डॉ. पुष्पा कन्नोजिया द्वारा दिलाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि दो हफ्ते से अधिक खांसी, बुखार आना,रात में पसीना आना, भूख न लगना और वजन घटना ये टीबी रोग के सामान्य लक्षण हो सकते हैं। आधुनिकतम जांच और उपचार की सुविधा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र तथा जिला अस्पताल में की जा रही है। टीबी के जीवाणु खांसने और छींकने से फैलते है खांसते समय मुंह ढंक कर रखें। टीबी के मरीज को निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 500 रूपए की राशि उनके खातें में प्रदान की जाती है।

## 10 लाख से अधिक मतदाता सांसदों का करेंगे चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम की घोषाणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहित प्रभावशी हो गई है।

इसी के साथ ही लोकसभा निर्वाचन-2024 की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जिले के अन्तर्गत तीनों लोकसभा क्षेत्रों के निर्वाचन के लिए 10 लाख 6 हजार 611 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेगें। इसी प्रकार 18-19 वर्ष के मतदाता 33 हजार 732, और 80+ मतदाता 16 हजार 539 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेगें। निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार संसदीय क्षेत्र 19- भोपाल के अन्तर्गत 159-सीहोर क्षेत्र अन्तर्गत 02 लाख 23 हजार 652 मतदाता, इसी प्रकार 18-19 वर्ष के 07 हजार 334, और 80+ मतदाता 03 हजार 283 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेगें। संसदीय क्षेत्र 18- विदिशा के अन्तर्गत 156 बुधनी क्षेत्र अन्तर्गत 02 लाख 76 हजार 599 मतदाता, इसी प्रकार 18-19 वर्ष के 08 हजार 231, और 80+ मतदाता 03 हजार 818 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेगें। संसदीय क्षेत्र विदिशा के अन्तर्गत 158- इछावर क्षेत्र अन्तर्गत 02 लाख 26 हजार 913 मतदाता, इसी प्रकार 18-19 वर्ष के 08 हजार 32, और 80+ मतदाता 03 हजार 980 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेगें। संसदीय क्षेत्र 21- देवास के अन्तर्गत 157 आष्टा क्षेत्र अन्तर्गत 02 लाख 79 हजार 447 मतदाता, इसी प्रकार 18-19 वर्ष के 10 हजार 135, और 80+ मतदाता 05 हजार 458 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेगें।

### भारतीय वायु सेना भर्ती रैली 28 को भोपाल में

**सीहोर।** भारतीय वायु सेना द्वारा समूह वाई (गैर तकनीकी) मेडीकल असिस्टेन्ट ट्रेड में प्रवेश के लिए भर्ती रेली का आयोजन 28 मार्च 2024 को लाल परेड ग्राउण्ड भोपाल में किया गया है। उपसंचालक रोजगार सीके बघेल ने बताया कि भारतीय वायु सेना भर्ती रेली में शामिल होने वाले आवेदक 28 मार्च को सुबह 6.00 बजे से 10.00 बजे तक लाल परेड ग्राउण्ड में उपस्थित होकर रिपोर्ट कर सकते है। आवेदक की आयु एवं योग्यता से संबंधित जानकारी वेब पोर्टल पर प्राप्त कर सकते है।

### भाईदूज पर पूर्व मुख्यमंत्री पहुंचे गृह ग्राम जैत



**सीहोर।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री और विदिशा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा से प्रत्याशी शिवराजसिंह चौहान बुधवार को भाईदूज के पावन पर्व पर अपने गृह ग्राम जैत पहुंचें। अपने गृह ग्राम जेत में अपनों के बीच पहुंच कर अपनी लाडली बहनों से मुलाकात की। इस दौरान बहनों ने अपने भैया शिवराजसिंह चौहान को तिलकर लगाकर उनकी आरती उतारी और उनकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उन्हें लोकसभा के चुनाव में विजय भवः का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर पूर्व सीएम ने कहा कि, प्रेम, स्नेह और विश्वास की ये डोर कभी टूटने नहीं दूंगा और अंतिम सांस तक बहन-बेटियों के कल्याण के लिए उनकी रक्षा के लिये, उनके उज्ज्वल भविष्य के लिये अंतिम सांस तक काम करता रहूंगा।

## बच्चों को गुलाल पिचकारी के साथ-साथ मिठाई का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




सेवा भारती मातृ शक्ति की ओर से सेवा भारती द्वारा सीहोर में संचालित संस्कार केंद्रों पर अंजू अग्रवाल सचिव, द्वारिका दास के जन्मदिन के उपलक्ष में संस्कार केंद्रों पर मंजू अग्रवाल उपाध्यक्ष वरिष्ट, शिक्षिका सरिता राठौर, शालिनी महेश्वरी के साथ रंग गुलाल पिचकारी व मिठाई उपहार के रूप में बांट कर संस्कार केंद्रों स्वदेश नगर शिक्षिका निकिता बुंदेला, प्रतिभा भारती, सारंगा खेड़ी बाईपास, मंजू भदोरिया, दशहरा बाग चैन सिंह बस्ती के भैया-बहनों के साथ द्वारका दास का जन्मदिन बड़े उत्साह से मनाया। इस दौरान अंजू अग्रवाल, दुर्गा वाहिनी से जिला संयोजक नीलू चौहान, मातृशक्ति जिला उपाध्यक्ष रमा सिंह, पूर्वी अग्रवाल, सुधा अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# राष्ट्र भक्ति गीतों के साथ रंगारंग कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति






हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय लाड़कुई में पिछले दिन वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष प्राचार्य व समस्त अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। माँ सरस्वती वंदना महाविद्यालय की छात्राओ द्वारा प्रस्तुत कि गयी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चंद्रलेखा साँखला द्वारा समस्त अतिथियां का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डा् चंद्रलेखा सांखला द्वारा की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदन सिंह रघुवंशी अनुविभागीय अधिकारी नसरुल्लागंज और विशेष अतिथि प्रकाशचंद्र उइके वन परिक्षेत्र अधिकारी महोदय लाडकुई, संदीप गौर तहसीलदार महोदय नसरुल्लागंज, चौकी प्रभारी महोदय लाडकुई रहे। इस अवसर पर मीडिया पत्रकार एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों उपस्थित रहे एवं छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसमें एकल नृत्य, समूह नृत्य, युगल नृत्य, आदिवासी नृत्य, राजस्थानी, राष्ट्र भक्ति से ओत -प्रोत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, कार्यक्रम का संचालन डॉ. कैलाश नारायण मालवीय द्वारा किया गया। मंच संचालन मोहित गाथले एवं प्राची ठाकुर ने किया। आभार शिंपी मोर्या द्वारा व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य तथा समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओ का योगदान सराहनीय रहा।

## कौशल बने अनुसूचित जाति मोर्चा प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भरतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, करण सिंह वर्मा कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं रवि मालवीय जिला अध्यक्ष शरण वाल्मीकि जिला उपाध्यक्ष गोपाल इंजीनियर विधायक, सनी महाजन, माधव सिंह आजाद भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष की अनुशंसा से हरीश कौशल को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा का लोकसभा चुनाव प्रभारी सीहोर जिले से नियुक्त किया गया है। हरीश कौशल ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो दायित्व सौंपा गया है उसको में पुरी ईमानदारी से निभाऊंगा।

**कार्यालय मॉ बागलामुखी मंदिर प्रबंध समिति नलखेडा जिला आगर मालवा म.प्र.**

क्रमांक/नाना/2024/148 नलखेडा दि.- 21.03.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

आगामी चैत्र नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुए मॉ बगलामुखी मंदिर के गर्भगृह, दीपमाला, राधाकृष्ण मंदिर, भैरव महाराज मंदिर, हनुमान जी मंदिर धर्मशाला एवं मंदिर परिसर की रंगाई पुताई कार्य करवाया जाना है। इस रंगाई-पुताई कार्य हेतु केवल उच्च क्वालिटी के कलर एवं ब्रश की दरो के टेंडर दिनांक 21-03-2024 से 28-03-2024 तक तहसील कार्यालय नलखेडा में नायब नाजिर कक्ष में आमंत्रित किए जाते है। इच्छुक व्यक्ति या फर्म बंद लिफाफे में टेंडर आफलाईन प्रस्तुत कर सकते है।

नोट - 1- उक्त निविदा संबंधित विस्तृत नियम शर्ते तहसील कार्यालय नलखेडा के नायब नाजिर कक्ष में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते है।

**सचिव एवं तहसीलदार**
**मॉ बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति नलखेडा**

## खबर संक्षेप

### महिला मंडल की अध्यक्ष बनी प्रांतीय संयोजिका



**सीहोर।** सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल की अध्यक्ष और समाजसेवा के क्षेत्र में सदैव सक्रिय भूमिका निभाने वाली सुश्री नीलम शर्मा को उनके श्रेष्ठ कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन का प्रांतीय संयोजिका मनोनित किया गया है। इस मौके पर ब्राह्मण समाज की महिलाओं, सनातन महिला मंडल, सीता वाहिनी सहित अन्य महिला मंडलों ने नव नियुक्त प्रांतीय संयोजिका सुश्री नीलम शर्मा को बधाई देते हुए महामंडलेश्वर पंडित अजय पुरोहित, सार्वभौम सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष आचार्य उदय मिश्रा, संगठन के केन्द्रीय समन्वयक ओकार नाथ आदि का आभार व्यक्त किया है।

### पदोन्नत होने पर समाजजनों ने दी बधाई



**सीहोर।** प्रजापति समाज के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। इस मौके पर समाजजनों ने थाना प्रभारी दिनेश प्रजापति को क्राइम ब्रांच का डीएसपी बनाए जाने और उनको पदोन्नत किए जाने पर चंदन का तिलक कर बधाई दी। इस मौके पर प्रजापति समाजजनों ने अबीर और गुलाल से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस संबंध में प्रजापति समाज के जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर दिनेश प्रजापति ने बताया कि पदोन्नत होने वाले श्री प्रजापति एक कुशल पुलिस पदाधिकारी ही नहीं व्यवहार कुशल व्यक्ति भी हैं। उनके कार्यकाल में क्राइम में काफी कमी आई थी। वह शहरी क्षेत्र में प्रजापति समाज के लोकप्रिय व्यक्ति है, वह उज्जैन, नीमच और कालापीपल आदि में पुलिस सेवा में रह चुके है। उनकी कार्य कुशलता और व्यवहार के कारण लोग उन्हें अभी भी याद करते है। इन लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। होली मिलन और बधाई समारोह में समाज के वरिष्ठ बाबू कुंभकार, होतम सिंह प्रजापति और सुरेश प्रजापति आदि शामिल थे।

### आईपीएल मैच पर चला रहे थे सट्टा, पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

# पुलिस की छापामार कार्रवाई: दो लैपटॉप 10 मोबाइल जब्त, दो को किया गिरफ्तार

**सटोरियों, असमाजिक तत्वों के हौसले बुलन्द, थाना परिसर में ही खबर चलाने पर पत्रकारों को अंजाम भुगतने की दी धमकी। पत्रकार हुए एकजुट, कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा




क्षेत्र में सट्टे, जुए का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। और लम्बे समय से आष्टा में क्रिकेट पर सट्टा चल रहा था। ऐसे में अब आष्टा थाना क्षेत्र में आईपीएल किक्रेट मैच पर सट्टा चला रहे दो सटोरियों को पुलिस ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। यहां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जगमालपुरा स्थित एक मकान से आईपीएल पर सट्टा चलाने वाले दो लोगों को घेराबंदी कर रंगेहाथ पकडा है। आरोपियों के पास से दो लैपटॉप, 10 मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है कि आखिरकार उनके तार कहां तक जुडे हैं। एसडीओपी आकाश अमलकर ने जानकारी देते हुए बताया की आष्टा थाना पुलिस को जगमालपुरा के एक मकान में आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा चलाने की सूचना मिली थी। एसपी मयंक अवस्थी, एएसपी गीतेश गर्ग, एसडीओपी आकाश अमलकर के नेतृत्व में थाना प्रभारी रवींद्र यादव ने टीम बनाई। टीम ने मौके पर जाकर घेराबंदी करते हुए आरोपी अनिल उर्फ अन्नू पिता कैलाश नारायण मेवाड़ा निवासी अंजनी नगर और महेश कुशवाहा पिता अमर सिंह कुशवाह निवासी सेमनरी रोड को रंगेहाथ पकड़ा है।

#### लम्बे समय से सट्टे में लिप्त,कई जगह जुडे हैं आरोपियों के तार

एसडीओपी आकाश अमलकार ने बताया कि पकडे गए आरोपी अनिल उर्फ अन्नू और महेश कुशवाह से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी में यह भी सामने आया है कि आरोपियों के तार अन्य जगहों पर भी जुड़े हैं। और कहा कहा से उनके बैंक खातों में कितना रुपया आया है पुलिस उसकी भी जानकारी जुटाने में लगी है और मिले लैपटॉप से प्राथमिक जांच में लाखों रुपए का सट्टा सामने आया है वही आरोपी लम्बे समय से सट्टे में लिप्त है इसकी शिकायत भी पुलिस को मिल रही थी। और किस किस से इसके तार जुडे हुए हैं। बता दे कि दो दिन के अंदर आष्टा थाना पुलिस की जुए, सट्टे के मामले में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है।

#### थाना प्रभारी ने 48 घंटो में की दो कार्रवाई

नवागत थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने 48 घंटो में जुए सट्टे और क्रिकेट सट्टे पर दो बड़ी कार्यवाही कर असमाजिक तत्वों को सीधा संदेश दे डाला है अवैध गतिविधियों को संचालित करने वाले असामाजिक तत्वों को पुलिस बिलकुल नहीं छोड़ेगी। आपको बता दे की नवागत थाना प्रभारी रविंद्र यादव



के नेतृत्व में आष्टा पुलिस ने रविवार को ताश के पत्तों पर हारजीत का दांव लगाते हुए 9 जुआरियों को पकड़ा था तो वही मंगलवार की रात आईपीएल मैच पर सट्टा खिलाते हुए दो आरोपियों को पकड़ कर इनके पास से दो लैपटॉप, मोबाइल फोन जब्त किया है। लाजमी है 48 घंटो में जुए सट्टे और क्रिकेट मैच सट्टे पर दो बड़ी कार्रवाई करने वाली आष्टा पुलिस की सभ्य समाज में तारीफ हो रही है और नवागत थाना प्रभारी रविंद्र यादव की इन कार्यवाही की प्रशंसा की जा रही है।

#### पत्रकारों को दी धमकी



लम्बे समय बाद आईपीएल का सट्टा पकड़ने में सफलता प्राप्त कर वाली आष्टा पुलिस की ख़बर चलाने पर सटोरियों द्वारा पत्रकारों को धमकी देने से पत्रकारिता के छेत्र में हड़कंप मच गया है। आपको बता दे की सटोरिया को संरक्षण देने वाले असामाजिक तत्वों के हौसले इतने बुलंद हो गए की पत्रकारों को तक को अंजाम भुगतने की धमकी खुलेआम दे डाली वो भी थाना परिसर में। लिहाजा अक्रोशित पत्रकारों ने पहले तो एसडीओपी आकाश अमलकर को पुरे मामले से अवगत कराया। इसके बाद सभी पत्रकार लामबंद होकर आष्टा थाना पहुंचे जहां थाना प्रभारी रविंद्र यादव को पत्रकारों को धमकी देने वाले महेंद्र पिता बाबूलाल जाट निवासी हरसपुर तहसील इछावर के खिलाफ़ लिखित में शिकायत दर्ज कर ठोस कार्यवाही की मांग की। पत्रकारों ने पुलिस को



सौंपे ज्ञापन में बताया की पत्रकारों को धमकी देने वाला महेंद्र जाट पिता बाबूलाल जाट पर कई मामलों में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं ओर यह पूर्व में भी पत्रकारों के साथ अभद्र व्यवहार कर चुका है। अवैध कॉलोनियों का जुआरी सटोरियों को संरक्षण देकर लोगों को ब्लैकमेल और अड़ीबाजी कर लोगों डराता धमकाता है। पत्रकारों ने आष्टा थाना प्रभारी से धमकी देने वाले महेंद्र जाट पर ठोस कार्यवाही करने की मांग की है। वहीं थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने भी पत्रकारों को आश्वस्त किया है की आपकी सुरक्षा हमारी जवाबदारी है, आप समाज का आईना हो आप समाज में अच्छाई और बुराई दोनों को दिखाने का कार्य करते हैं आपके आवेदन पर संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

#### कार्रवाई करने की मांग



मंगलवार की रात्रि को आष्टा पुलिस ने आईपीएल के मैच पर सट्टा लगाते हुए दो आरोपियों को पकड़ा था! जिन पर वैधानिक कार्यवाही कर आष्टा एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया जहां से दोनो आरोपियों को एसडीएम स्वाती उपाध्याय ने जेल भेजने के आदेश जारी किए!वहीं आष्टा कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेडी ने भी आष्टा पुलिस की कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए कहा की निश्चित तौर पर आष्टा पुलिस को बधाई जिन्होने क्रिकेट का सट्टा पकड़ा और उम्मीद हे कि पुलिस निष्पक्ष जांच कर बड़े सरगना को पकड़ेगी जिससे हमारे शहर से इस गोरख घंधे को खत्म करने में सफलता मिलेगी।

## किन्नरों का सम्मान कर मनाया होली का पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

इनरव्हील क्लब आष्टा द्वारा बीते दिवस सितारा महेश्वरी और उनके साथी शिष्य किन्नरों का आत्मीय स्वागत सम्मान किया, और सभी को रंग गुलाल लगा कर होली का पर्व मनाया। क्लब की सभी पदाधिकारियों और सदस्यो ने किन्नरों के गुरु और आष्टा के सभी रहवासियों से आत्मीय प्रेम रखने वाले सितारा महेश्वरी उर्फ सलीम भाई का शाल श्रीफल से स्वागत किया , वही सभी किन्नर साथियों को भी श्रीफल और साड़ी भेट कर सम्मान किया। सम्मान के इस मौके पर गुरु सीताराजान ने सभी को आशीर्वाद देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की , और भाव विभोर हो गए, ।इस मौके पर सभी किन्नर साथियों ने क्लब की सदस्यो को नाच गा कर होली की शुभकामनाएं दी। स्वागत सम्मान के मौके पर सितारा जान के साथ उनके चेले सारिका, आरती, हिना, जुली, नैना, शिमला, भक्ता, बेबी, चाहत, सविता, आदि उपस्थित रही।क्लब की ओर से क्लब की अध्यक्षा जयश्री शर्मा, उपाध्यक्ष रीना शर्मा, सचिव संगीता सोनी, पत्रकार किरण रांका, डाक्टर चंद्रा वोहरा, अर्चना सोनी, जुली वैष्णव आदि उपस्थित रही।

## पूजा-पाठ के बाद ग्रामीण क्षत्रों में जमकर उड़ा रंग और गुलाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खाचरोद

सोमवार को रंगों का त्यौहार होली का पर्व खाचरोद सहित आसपास पूरे ग्रामीण क्षेत्र रोलगांव, छापर, बड़खोला, बडघाटी, कन्नौज शिवजी, लसूडिया विजय सिंह, बापचा बरामद, नौगांव, रामपुर, आवलीखेड़ा सहित पूरे क्षेत्र में होली का पर्व बड़े हर्षोल्लाह के साथ मनाया। जिसमे सुबह से महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना किया गया एवम होलिका दहन के बाद ग्राम में गैर निकली गई जिसमें शामिल लोग द्वारा जिनके घरों में गमी हुई थी वहां पर पहुंचकर उन्हें रंग गुलाल लगाया साथ ही सभी लोगों द्वारा जमकर होली खेली गई जिसमें बच्चों ने जमकर होली का आनंद लिया वहीं छोटे ने बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया एवम एक दूसरे को गले लगाकर होली की बधाई दी।

## मुनिश्री भूतबलि सागर का निधन, आष्टा में ही हुआ समाधि अंतिम अग्नि संस्कार, नम आंखों से मुनि श्री को दी विदाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

बुधवार को देश के प्रसिद्ध जैन मुनि भूतबलि सागर महाराज का करीब 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया उनके डोला यात्रा शहर के दिगंबर जैन मंदिर से दिगंबर जैन मंदिर के पीछे पहुंची वहां पर समाधि स्थल पर अग्नि अंतिम संस्कार हुआ। जिसमें देश भर के जैन समाज सहित अन्य समाजजन शामिल हुए और अपने मुनि श्री के अंतिम दर्शन किए। बता दे की पूज्य मुनि श्री भूतबलि सागर महाराज महाराज आष्टा में ही चातुर्मास किया था और विगत एक माह से भी अधिक आष्टा के दिगंबर जैन समाज मंदिर में ही रोजाना प्रवचन देकर भक्तों को धर्म लाभ दे रहे थे। आज बुधवार को



दोपहर में मुनि श्री का निधन हो गया जैसे ही समाज जनों को मालूम पड़ा इंदौर, भोपाल, सोनकच्छ ,देवास, सीहोर , कन्नौद,खातेगांव ,नेमावर, सुजालपुर सहित प्रदेश भर से समाजजन आष्टा पहुंचे और अपने मुनि श्री के अंतिम दर्शन किए। मुनि श्री के निधन की जैसे समाज जनों को मालूम पड़ी वैसे ही इंदौर भोपाल ,सोनकच्छ ,देवास सहित प्रदेश भर से समाजजन शामिल हुए और अपने मुनि श्री के अंतिम दर्शन किए। अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुराना बस स्टैंड से लेकर सब्जी मंडी दिगंबर जैन मंदिर परिसर में खड़े होने की जगह नहीं थी जहां से जगह मिली लोग मुनि श्री के दर्शन कर रहे थे।

#### मुनि श्री के सानिध्य में ही हुआ था पिछले वर्ष पंचकल्याणक

पिछले वर्ष ही साई कॉलोनी में स्थित दिगंबर जैन मंदिर के पंचकल्याणक महोत्सव भी मुनि श्री के सानिध्य में ही संपन्न हुआ था जिसमें हजारों लोग शामिल हुए थे। जैसे ही मुनि श्री के निधन की सूचना मिली अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे जब अग्नि अंतिम संस्कार हो रहा था लोगों की आंखें भर आई और अपने मुनि श्री को अंतिम विदाई दी।

### आज से तीन दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम और संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में गुरुवार से तीन दिवसीय शिविर का आयोजन इशा मानसिक आरोग्य केन्द्र के तत्वाधान में किया जा रहा है। निशुल्क शिविर में वरिष्ठ मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप पाटील सहित अन्य चिकित्सकों की टीम यहां पर आने वाले मानसिक रोगियों का जांच के अलावा दवाई का वितरण करेंगे। शिविर में विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं व लोगों को मानसिक रोग के लक्षणों और इससे बचाव के बारे में जानकारी दी जाएगी। शिविर की तैयारियों को लेकर बुधवार को केन्द्र के संचालक सहित अन्य ने निरीक्षण किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने बताया कि लोगों को मानसिक रोगों के प्रति अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है। आज हर घर में कोई ना कोई किसी ना किसी कारण तनाव में हैं। तनाव में रहने से समस्याएं बढ़ती हैं। समस्या बहुत साधारण स्तर से शुरू होकर बाद में जटिल मानसिक रोग/पागलपन का रूप ले लेती है।

## जावर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर



होली के पर्व जावर नगर में साल भर में हुई गमी वालो के घर करीब पैतालीस 45 के घर जा कर रंग गुलाल किया गया माता मंदिर से प्रारंभ हो कर पूरे नगर में गंजपुरा, कृष्मन्दिर ,गोया मालीपुरा मंदिर में बाजार भेरूमहराज वार्ड 6 मोग्या पूरा में गांव गैर में लोग शामिल हुए जिसमे माता मंदिर पुजारी दत्तप्रसाद शर्मा ,धीरेंद्र पटेल, राजपाल ठाकुर, नारायण उस्ताद, राजेन्द्र ठाकुर, अनिल अजमेरा, मनोज वेध, योगेश भवसार, मदन विवकर्म, अमित अजमेरा, गबु माहेश्वरी, तेजसिंग गुड्डु, महेंद्र अजमेरा, बंटी राठौर, सचिन राठौर, देवेंद्र सोलकी, जगदीश प्रजपती, योगेश भवसार, लखन सिंह, सतीश सेन, हुकमचंद सोलंकी ,सत्यम अजमेरा ,सुनील लोधी, जयंत बिल्लोरे, सुरेंन सिंग, राजा ठाकुर ,मोहन सिंग ओर हिन्दुउत्सव समिति सदस्य व समाज जन आदि शामिल हुए।

### खरीदी केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य हुआ शुरू

## केंद्रों पर किसानों की सुविधाओं का रखा जा रहा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खाचरोद

बुधवार को ग्राम खाचरोद में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी केंद्र का शुभारंभ क्षेत्र के किसानों व अधिकारियों की उपस्थिति में विधिवत पूजा पाठ कर खरीदी केंद्र की शुरुवात की गई। केंद्र पर आए हुए किसानों का केंद्र प्रभारी द्वारा हार फूल माला व साफा बांध कर स्वागत किया गया। इस बार ग्राम खाचरोद में 3 केंद्र बनाए है, जिसमे मां बिजासन वेयरहाउस पर सिद्धिकगंज क्षेत्र के किसानों का गेहू की तुलाई होगी। मां नर्मदा वेयरहाउस पर खाचरोद क्षेत्र के किसानों के गेहूं की तुलाई होगी। पलक वेयरहाउस पर पिपलिया क्षेत्र के किसानों के



गेहूं की तुलाई होगी। वही सभी केंद्रों पर किसानों के बैठने व ठंडे पानी को व्यवस्था की गई है। जिसमे किसानों की किसी प्रकार की परेशानी न हो। वही तीनों केंद्र के प्रभारियों ने किसानों से अपील की है की वह अपना गेहूं साफ सुथरा व सुखा कर लाए व किसी प्रकार की गड़बड़ी हो तो तुरंत केंद्र प्रभारी को सूचित करे। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक प्रबधंक कारण सिंह वर्मा, सुपरवाइजर चंदरसिंह बाडोलिया, सिद्धिकगंज सेवा सहकारी समिति प्रबंधक संतोष कुमार जैन, पगारिया सोसाइटी प्रबंधक तुलसीराम बड़ोलिया, खाचरोद सोसाइटी प्रबंधक कमल सिंह ठाकुर, पिपलिया सोसाइटी प्रबंधक राजकुमार शर्मा, उदय सिंह जी ठाकुर सरपंच बापचा, मनोहरलाल जी शर्मा जसमत, ज्वाल सिंह ठाकुर, नरबत सिंह ठाकुर वा सोसाइटी के सभी कर्मचारी एवं किसान बंधु उपस्थित थे।

## मेहतवाड़ा में गेहूं उपार्जन केंद्र का हुआ शुभारंभ, किसानों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर



गेहूं उपार्जन केंद्र मेहतवाड़ा का हुआ शुभारंभ विधि विधान के साथ पूजा कर शुभारंभ किया गया। 26 मार्च मंगलवार को मेहतवाड़ा खरीदी केंद्र पटेल वेयर हाउस पर शाखा प्रबंधक पवन दास बैरागी, समिति प्रबंधक रूप सिंह ठाकुर ,शाखा पर्यवेक्षक मनोहर सिंह ठाकुर द्वारा तोल काटे एवं कंप्यूटर की पूजा कर प्रथम किसान पवन कुमार जैन को तिलक लगाकर साफा बांधकर किसान सम्मान कर पहले ट्रैक्टर तुलाई कर खरीदी प्रारंभ की गई। सभी कर्मचारियों द्वारा तोल कर्मचारी हम्मलों का श्रीफल भेंट कर तोल प्रारंभ किया गया। इस दौरान समिति कर्मचारी महेश शर्मा, उमराव सिंह अटरिया, बाबू सिंह ठाकुर, शैलेंद्र ठाकुर, राजा ठाकुर, अरविंद ठाकुर, गोलू, दीपक जैन, शोभाल सिंह ठाकुर, लाखन प्रजापत, दयाराम राठौर, कमल सिंह ठाकुर उपस्थित थे।